**1. भारत में प्रिंटिंग प्रेस किसने और कब शुरू की?**

(a) पुर्तगालियों ने वर्ष 1556 में।

(b) स्पेनवासियों ने वर्ष 1680 में।

(c) फ्रांसीसियों ने वर्ष 1745 में।

(d) इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने वर्ष 1674 में।

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2021**

उत्तर–(a)



Scanned with OKEN Scanner

पुर्तगालियों ने एशिया में पहली बार गोवा में 1556 ई. में प्रिंटिंग प्रेस की स्थापना की थी।

**2. भारत का पहला समाचार-पत्र था—**

(a) बंगाल गजट
(b) हिंदुस्तान टाइम्स
(c) पायनियर
(d) संवाद कौमुदी

**U.P. P.C.S. (Spl.) (Mains) 2004**

**उत्तर—(a)**

भारत का पहला समाचार-पत्र 'बंगाल गजट' था। प्रारंभ में विलियम बोल्ट्स द्वारा एक समाचार-पत्र के प्रकाशन का प्रयास किया गया था। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी ने उनको इंग्लैंड भेज दिया। 1780 ई. में जे.ए. हिक्की ने 'बंगाल गजट' नामक समाचार-पत्र प्रकाशित करना आरंभ किया था। हिक्की को कंपनी की आलोचना करने के अपराध में सजा भी भुगतनी पड़ी थी, परंतु उसके पत्र ने अपनी नीति नहीं बदली। हिक्की के प्रेस को जब्त कर लिया गया और इस प्रकार से 'बंगाल गजट' का अंत हो गया।

**3. भारत में प्रकाशित पहला समाचार-पत्र निम्नलिखित में से कौन-सा था?**

(a) द बंगाल गजट
(b) द कलकत्ता गजट
(c) मद्रास कोरियर
(d) बॉम्बे हेराल्ड

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Spl.) (Mains) 2010**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. निम्न में से किसने सर्वप्रथम प्रेस सेंसरशिप लागू की थी?**

(a) वेलेजली
(b) हेस्टिंग्स
(c) जॉन एडम्स
(d) डलहौजी

**U.P. P.C.S. (Pre) 2001**

**उत्तर—(a)**

लॉर्ड वेलेजली ने 1799 ई. में सभी समाचार-पत्रों पर सेंसर बैठा दिया। उसने 1799 ई. में समाचार-पत्रों का पत्रेक्षण अधिनियम पारित कर दिया और समाचार-पत्रों पर युद्धकालीन सेंसर लागू कर दिया। इसके अनुसार-

1. समाचार-पत्र को संपादक, मुद्रक और स्वामी का नाम स्पष्ट रूप से छापना पड़ता था।
2. प्रकाशक को प्रकाशित किए जाने वाले तत्वों को सरकार के सचिव के सम्मुख पूर्व-पत्रेक्षण के लिए भेजना होता था।

**5. 1878 का 'वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट' किसने रद्द कर दिया था?**

(a) लॉर्ड रिपन
(b) लॉर्ड लिटन



Scanned with OKEN Scanner

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड मिंटो

**39th B.P.S.C. (Pre) 1994**

**I.A.S. (Pre) 2005**

**उत्तर–(a)**

लॉर्ड रिपन ने 1882 ई. में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट अथवा देशी भाषा प्रेस अधिनियम को रद्द कर दिया और भारतीय भाषाओं के समाचार-पत्रों को अंग्रेजी भाषा के समाचार-पत्रों के समान ही स्वतंत्रता दे दी। ज्ञातव्य है कि वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट, 1878 में लॉर्ड लिटन के कार्यकाल (1876-1880 ई.) में पारित हुआ था। इस अधिनियम को 'मुंह बंद करने वाला अधिनियम' कहा गया।

**6. निम्नलिखित में से किसने वर्नाकुलर प्रेस एक्ट का प्रवर्तन किया?**

(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड रिपन

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड हेस्टिंग्ज

**U.P. P.C.S. (Mains) 2007**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. किस गवर्नर जनरल के समय भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम समाप्त किया गया?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड लिटन

(c) लॉर्ड कर्जन (d) लॉर्ड डफरिन

**U.P. P.C.S. (Mains) 2009**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. पत्रकार के कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जेल जाने वाला प्रथम भारतीय कौन था?**

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) दादाभाई नौरोजी

(c) मोतीलाल घोष (d) सुरेंद्रनाथ बनर्जी

**U.P. P.C.S. (Pre) 1997**

**उत्तर–(a)**

इतिहासकार धनंजय कीर की पुस्तक 'लोकमान्य तिलक-फादर ऑफ द इंडियन फ्रीडम स्ट्रगल' के अनुसार, बाल गंगाधर तिलक एवं गोपाल गणेश आगरकर को मराठा एवं केसरी पत्रों में पत्रकार के रूप में लेखन हेतु 17 जुलाई, 1882 को बंबई (मुंबई) के डोंगटी जेल में 4 माह की सजा काटने हेतु निरुद्ध किया गया था। यह प्रथम अवसर है, जब पत्रकार के रूप में दायित्वों का निर्वहन करते हुए किसी भारतीय को जेल की सजा हुई थी। बिपिन चंद्र एवं अन्य ने अपनी पुस्तक 'इंडियाज स्ट्रगल फॉर इंडिपेंडेंस' के अंग्रेजी संस्करण में उद्धृत किया है कि श्री सुरेंद्र नाथ बनर्जी वह प्रथम भारतीय रहे, जिन्हें पत्रकार के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के कारण जेल की सजा हुई थी। लेकिन श्री बनर्जी को यह सजा 2 अप्रैल, 1883 को द बंगाली पत्र में प्रकाशित अपने संपादकीय लेख के लिए हुई थी। इस प्रकार तिथि के आधार प्रथम सजायाफ्ता श्री बाल गंगाधर तिलक एवं गोपाल गणेश आगरकर होंगे।

**9. अमेरिका में 'फ्री हिंदुस्तान' अखबार किसने शुरू किया था?**

(a) रामनाथ पुरी (b) जी.डी. कुमार

(c) लाला हरदयाल (d) तारकनाथ दास

**39th B.P.S.C. (Pre) 1994**

**उत्तर–(d)**

अमेरिका में (वैंकूवर) 'फ्री हिंदुस्तान' अखबार तारकनाथ दास ने शुरू किया।

**10. फारसी साप्ताहिक 'मिरातुल अखबार' को प्रकाशित करते थे–**

(a) लाला लाजपत राय

(b) राजा राममोहन राय

(c) सर सैयद अहमद खां

(d) मौलाना शिबली नोमानी

**U.P. P.C.S. (Pre) 2000**

**उत्तर–(b)**

राजा राममोहन राय ने अपने विचारों को प्रेस के माध्यम से प्रचारित एवं प्रसारित किया। दिसंबर, 1821 में उन्होंने बांग्ला साप्ताहिक 'संवाद कौमुदी' अथवा 'प्रज्ञा का चांद' का प्रकाशन प्रारंभ किया। इसके एक वर्ष पश्चात इन्होंने फारसी भाषा में एक अन्य साप्ताहिक समाचार-पत्र 'मिरातुल अखबार' या 'बुद्धि दर्पण' का प्रकाशन प्रारंभ किया। जॉन एडम जब गवर्नर जनरल था, तब (1823 ई. में) उसने भारतीय प्रेस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया। लाइसेंस के बिना प्रकाशन करने पर चार सौ रुपये जुर्माना या कारावास का दंड दिया जा सकता था। मजिस्ट्रेट को मुद्रणालय जब्त करने का भी अधिकार था। यह नियम मुख्य रूप से भारतीय भाषाओं तथा भारतीयों द्वारा संपादित एवं उनके स्वामित्व वाले पत्रों के लिए था। इसी कारण राजा राममोहन राय को साप्ताहिक पत्र 'मिरातुल अखबार' का प्रकाशन बंद करना पड़ा था।

**11. 1880 के दशक में 'इंडियन मिरर' अखबार का प्रकाशन कहां से होता था?**

(a) बंबई (b) कलकत्ता

(c) मद्रास (d) पांडिचेरी

**U.P. P.C.S. (Mains) 2007**

**उत्तर–(b)**



Scanned with OKEN Scanner

'इंडियन मिरर' अखबार का प्रकाशन कलकत्ता (बंगाल) से होता था। 'इंडियन मिरर' की स्थापना (1861 ई.) का श्रेय देवेंद्रनाथ टैगोर तथा मनमोहन घोष को है। केशवचंद्र सेन तथा नरेंद्र नाथ सेन इसके संपादकीय विभाग में थे। यह दैनिक अखबार था।

**12. गदर पत्र का प्रथम अंक निम्नलिखित में से किस भाषा में प्रकाशित हुआ?**

(a) उर्दू (b) हिंदी

(c) अंग्रेजी (d) मराठी

**U.P. P.C.S. (Mains) 2007**

**उत्तर–(a)**

1 नवंबर, 1913 को 'गदर' पत्र का पहला अंक प्रकाशित हुआ, जो 'उर्दू' भाषा में था। 9 दिसंबर, 1913 से यह गुरुमुखी में भी छपने लगा। यह पत्र मराठी, हिंदी, अंग्रेजी एवं गुजराती में भी प्रकाशित हुआ। इसका एक अंक पख्तूनी भाषा में भी छपा था।

**13. गदर पार्टी का पत्र 'गदर' था-**

(a) एक मासिक-पत्र (b) एक पाक्षिक-पत्र

(c) एक साप्ताहिक-पत्र (d) एक दैनिक-पत्र

**U.P.P.C.S. (Mains) 2013**

**उत्तर–(c)**

भारत को ब्रिटिश राज से मुक्त कराने हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में लाला हरदयाल, सोहन सिंह भाकना और करतार सिंह सराभा आदि ने मिलकर गदर आंदोलन की स्थापना की थी। इस पार्टी का मुखपत्र 'गदर' एक साप्ताहिक-पत्र था, जिसके प्रथम संस्करण का प्रकाशन 1 नवंबर, 1913 को सैनफ्रांसिस्को से किया गया था।

**14. 'अमृत बाजार पत्रिका' की स्थापना किसने की?**

(a) गिरीशचंद्र घोष (b) हरिश्चंद्र मुखर्जी

(c) एस.एन. बनर्जी (d) शिशिर कुमार घोष

**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर–(d)**

'अमृत बाजार पत्रिका' की स्थापना शिशिर कुमार घोष ने 1868 ई. में कलकत्ता में की। प्रारंभ में यह बंगाली भाषा में प्रकाशित होती थी। 1878 ई. में देशी भाषा प्रेस अधिनियम से बचने के लिए यह रातो-रात अंग्रेजी भाषा में रूपांतरित हो गई। गिरीशचंद्र घोष ने 'बंगाली' का प्रकाशन 1862 ई. में शुरू किया, जिसे 1879 ई. में एस.एन. बनर्जी ने ले लिया। 'हिंदू पैट्रियाट' की स्थापना भी गिरीशचंद्र घोष ने की थी। बाद में हरिश्चंद्र मुखर्जी इसके संपादक बने।

**15. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सेवा के उद्देश्य से कौन-सा समाचार-पत्र प्रारंभ किया था?**

(a) गदर (b) केसरी

(c) फ्री हिंदुस्तान (d) स्वदेश मित्र

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

**M.P.P.C.S. (Pre) 2008**

**U.P. P.C.S. (Pre) 1990**

**उत्तर–(b)**

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की सेवा के उद्देश्य से 1881 ई. में बंबई से 'केसरी' और 'मराठा' नामक दो महत्वपूर्ण समाचार-पत्र प्रारंभ किए गए थे।

**16. क्रांतिकारी काल की निम्नलिखित लोकप्रिय पत्रिकाओं में से कौन अनेक कारणों से कांग्रेस की आलोचना करती थी?**

(a) बंगवासी (b) काल

(c) केसरी (d) उपर्युक्त सभी

**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

**उत्तर–(d)**

बंगवासी, काल एवं केसरी आदि पत्रिकाएं क्रांतिकारी आंदोलन की समर्थक और कांग्रेस की उदारवादी नीतियों की आलोचक थीं।

**17. निम्नलिखित में से किन समाचार-पत्रों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के काल में क्रांतिकारी आतंकवाद की वकालत की थी?**

**1. संध्या** **2. युगांतर**

**3. काल**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए–**

**कूट :**

(a) 1, 2 (b) 1, 3

(c) 2, 3 (d) 1, 2, 3

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर–(d)**

'संध्या', 'युगांतर' एवं 'काल' इन तीनों समाचार-पत्रों ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान क्रांतिकारी हिंसक गतिविधियों की वकालत की थी।

**18. क्रांतिकारी गतिविधियों के साथ कौन-सी पत्रिका जुड़ी हुई नहीं थी?**

(a) संध्या (b) युगांतर

(c) गदर (d) यंग इंडिया

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**60-62th B.P.C.S. (Pre) 2016**

**उत्तर–(d)**



Scanned with OKEN Scanner

'यंग इंडिया' पत्रिका क्रांतिकारी गतिविधियों के साथ जुड़ी नहीं थी। यंग इंडिया पत्रिका का संपादन महात्मा गांधी ने किया था। महात्मा गांधी अहिंसक आंदोलन के समर्थक थे। वर्ष 1913 में लाला हरदयाल और सोहन सिंह भाकना ने 'हिंदुस्तान एसोसिएशन ऑफ दि पैसिफिक कोस्ट' नामक संस्था की स्थापना की। इस संस्था ने 'गदर' नामक अखबार निकाला, जिससे इस संस्था का नाम भी 'गदर पार्टी' पड़ गया। युगांतर तथा संध्या पत्रिकाएं भी क्रांतिकारी गतिविधियों से संबंधित थीं।

**19. निम्नलिखित में से किसने सोम प्रकाश नामक समाचार-पत्र शुरू किया?**

(a) दयानंद सरस्वती (b) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(c) राजा राममोहन राय (d) सुरेंद्र नाथ बनर्जी

**I.A.S. (Pre) 2007**

**उत्तर–(b)**

बांग्ला साप्ताहिक 'सोम प्रकाश' (Som Prakash) समाचार-पत्र का प्रकाशन 1858 ई. में ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने प्रारंभ किया था। इस समाचार-पत्र ने नील आंदोलन के किसानों के हितों का समर्थन किया था।

**20. निम्न अखबारों में से कौन-सा मुख्यतया उदारवादियों की नीतियों का प्रचारक था?**

(a) न्यू इंडिया (b) लीडर

(c) यंग इंडिया (d) फ्री प्रेस जनरल

**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर–(b)**

'फ्री प्रेस जनरल' एक न्यूज एजेंसी थी। 'न्यू इंडिया' की स्थापना एनी बेसेंट ने की थी। लीडर समाचार-पत्र के माध्यम से उदारवादी अपनी नीतियों का प्रचार करते थे।

**21. 'इंडियन ओपीनियन' पत्रिका के प्रथम संपादक थे–**

(a) एम.के. गांधी (b) अल्बर्ट वेस्ट

(c) महादेव देसाई (d) मनसुखलाल नज़र

**U.P.P.C.S. (Pre) 2014**

**उत्तर–(d)**

'इंडियन ओपीनियन' महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका से वर्ष 1903 में प्रारंभ की गई पत्रिका थी, जिसके प्रथम संपादक मनसुखलाल नज़र थे। वह नटाल कांग्रेस के सचिव थे। यह पत्रिका गुजराती, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में प्रकाशित होती थी।

**22. महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में प्रकाशित समाचार-पत्र का नाम क्या था?**

(a) दि इंडियन ओपीनियन (b) नेशनल हेराल्ड

(c) लीडर (d) द पायनियर

**Chhattisgarh P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**23. निम्नलिखित में से किस भाषा में 'दि इंडियन ओपीनियन' पत्र नहीं छापा जाता था?**

(a) अंग्रेजी (b) गुजराती

(c) तमिल (d) उर्दू

**U.P. P.C.S. (Pre) 2005**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. एक साप्ताहिक के रूप में यंग इंडिया का शुभारंभ किया था–**

(a) होमरूल पार्टी ने (b) उग्रवादी पार्टी ने

(c) गदर पार्टी ने (d) स्वराज पार्टी ने

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2003**

**उत्तर–(a)**

'यंग इंडिया' 7 मई, 1919 से महात्मा गांधी के पर्यवेक्षण में बंबई से द्विसाप्ताहिक के रूप में प्रकाशित होता था। यहां के प्रारंभिक संस्करणों में जमनादास द्वारकादास तथा शंकरलाल बैंकर इसके संपादक रहे। 8 अक्टूबर, 1919 से यंग इंडिया के संपादक महात्मा गांधी बने और यह अहमदाबाद से साप्ताहिक रूप में प्रकाशित होने लगा। जमनादास द्वारकादास तथा शंकरलाल बैंकर, एनी बेसेंट की होमरूल लीग के सदस्य थे।

**25. हिंदी का पहला समाचार-पत्र 'उदत्त मार्तंड' (30 मई, 1826) प्रकाशित हुआ था -**

(a) कोलकाता से (b) पटना से

(c) इलाहाबाद से (d) लखनऊ से

**U.P.P.C.S (Mains) 2016**

**उत्तर–(a)**

उदत्त मार्तंड हिंदी का पहला समाचार-पत्र था। इसका प्रकाशन 30 मई, 1826 को कोलकाता से एक साप्ताहिक-पत्र के रूप में शुरू हुआ। इसके प्रकाशक एवं संपादक जुगुल किशोर शुक्ल थे।

**26. भारतीयों द्वारा अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित प्रथम समाचार-पत्र था–**

(a) हिंदू पैट्रियाट (b) दि हिंदू

(c) यंग इंडिया (d) नेटिव ओपीनियन

**U.P. P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर–(a)**



Scanned with OKEN Scanner

किसी भी भारतीय द्वारा अंग्रेजी में प्रकाशित प्रथम समाचार-पत्र गंगाधर भट्टाचार्य का साप्ताहिक 'बंगाल गजट' था। दिए गए विकल्पों में हिंदू पैट्रियाट भारतीयों द्वारा अंग्रेजी में प्रकाशित प्रथम समाचार-पत्र था। इसका प्रकाशन 1853 ई. में हुआ। इस समाचार-पत्र के प्रथम संपादक गिरीशचंद्र घोष (1853-55 ई.) थे। हरिश्चंद्र मुखर्जी (1855-61 ई.) एवं क्रिस्टोपाल दास (1861-1884 ई.) भी इसके संपादक रहे थे। उनकी सहायता मदन मोहन घोष एवं द्वारकानाथ टैगोर जैसे प्रख्यात नेता कर रहे थे। 1874-75 ई. के बीच लंदन में तथा 1878 ई. में दिल्ली में इस पत्र के संवाददाता सुरेंद्रनाथ बनर्जी थे। बाद में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन ने इसे खरीद लिया। अब यह भूस्वामियों के हितों का प्रतिनिधित्व करने लगा और राष्ट्र हितों से अलग हो गया।

**27. नील आंदोलन का जमकर समर्थन करने वाले 'हिंदू पैट्रियाट' के संपादक थे—**

(a) हेम चंद्राकर (b) हरिश्चंद्र मुखर्जी
(c) दीनबंधु मित्र (d) दिगंबर विश्वास

**U.P. P.C.S. (Pre) 1998**
**U.P.P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर—(b)**

नील आंदोलन की एक खास बात यह थी कि बंगाल के उस समय के बुद्धिजीवियों ने भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाई थी और संघर्षरत किसानों के समर्थन में सशक्त अभियान चलाया था। नील आंदोलन इतिहास में अपनी मांगों को लेकर किए गए आंदोलनों में सर्वाधिक व्यापक और जुझारू था। बंगाल का नील विद्रोह शोषण के विरुद्ध किसानों की सीधी लड़ाई थी। 'हिंदू पैट्रियाट' के संपादक हरिश्चंद्र मुखर्जी ने तो इस आंदोलन में काफी काम किया। हिंदू पैट्रियाट के पहले दो वर्षों (1853-55 ई.) में गिरीशचंद्र घोष संपादक थे। 1855 ई. में हरिश्चंद्र मुखर्जी इसके संपादक हो गए। वह निर्भीकता से बागान-मालिकों के अत्याचारों की पोल खोलने तथा सताए हुए किसानों की सहायता में लगे रहे। 1861 ई. में क्रिस्टोदास पाल इसके संपादक बने। वह ब्रिटिश शासन के प्रशंसक थे और ब्रिटिश उदारवाद का प्रतिपादन करते थे। उनके प्रभाव में हिंदू पैट्रियाट उच्च-मध्यम वर्गीय बंगाली जमींदारों के हितों का प्रतिनिधित्व करता था।

**28. अंग्रेजी साप्ताहिक 'वंदे मातरम्' के साथ निम्नांकित में से किसने अपने को संबद्ध किया?**

(a) अरबिंद घोष (b) एम.जी.रानाडे
(c) सुभाष चंद्र बोस (d) लोकमान्य तिलक

**U.P. P.C.S. (Pre) 1996**

**उत्तर—(a)**

अंग्रेजी साप्ताहिक 'वंदे मातरम्' के साथ अरबिंद घोष संपादक के रूप में जुड़े थे।

**29. निम्नलिखित में से किस अखबार का प्रकाशन पटना से होता था?**

(a) इंडियन नेशन (b) पंजाब केसरी
(c) प्रभाकर (d) डॉन

**45th B.P.S.C. (Pre) 2001**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 1931 में दरभंगा के महाराज कामेश्वर सिंह ने 'दि इंडियन नेशन' की स्थापना की। इसका प्रकाशन पटना से होता था।

**30. 'स्वदेशवाहिनी' के संपादक थे—**

(a) सी.वी. रामन पिल्लै (b) सी.एन. मुदालियार
(c) के. रामकृष्ण पिल्लै (d) सी.आर. रेड्डी

**U.P. P.C.S. (Pre) 2005**

**उत्तर—(c)**

'स्वदेशवाहिनी' अथवा 'स्वदेशाभिमानी' के संपादक के. रामकृष्ण पिल्लै थे। के. रामकृष्ण पिल्लै का जन्म 1878 ई. में तत्कालीन ट्रावनकोर राज्य के नेयात्तीनकारा के नायर परिवार में हुआ था।

**31. अंग्रेजी पत्र 'इंडिपेंडेंट' जुड़ा था—**

(a) महात्मा गांधी से (b) सी.आर. दास से
(c) जवाहरलाल नेहरू से (d) मोतीलाल नेहरू से

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर—(d)**

भारत के लिए स्वशासन की मांग करते हुए मोतीलाल नेहरू ने अंग्रेजी पत्र 'इंडिपेंडेंट' प्रारंभ किया था।

**32. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I (समाचार-पत्र) | सूची-II (भाषा) |
|---|---|
| A. भारत मित्र | 1. बंगाली |
| B. राष्ट्रमत | 2. गुजराती |
| C. प्रजामित्र | 3. हिंदी |
| D. नायक | 4. मराठी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**U.P.P.C.S. (Pre) 2012**
**U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2013**

**उत्तर—(c)**



Scanned with OKEN Scanner

विकल्प में दिए गए समाचार-पत्र एवं उनसे संबंधित भाषा का सुमेलन निम्नानुसार है–

| (समाचार-पत्र) | | (भाषा) |
|---|---|---|
| भारत मित्र | – | हिंदी |
| राष्ट्रमत | – | मराठी |
| प्रजामित्र | – | गुजराती |
| नायक | – | बंगाली |

**33. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I (समाचार-पत्र) | सूची-II (संस्थापक) |
|---|---|
| A. दैनिक आज | 1. जॉर्ज एलेन |
| B. द लीडर | 2. जवाहरलाल नेहरू |
| C. द नेशनल हेराल्ड | 3. मदन मोहन मालवीय |
| D. द पायनियर | 4. शिवप्रसाद गुप्त |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**

उत्तर–(a)

प्रश्न में दिए गए समाचार-पत्र और उनके संस्थापकों का सुमेलन निम्नानुसार है–

| (समाचार-पत्र) | | (संस्थापक) |
|---|---|---|
| दैनिक आज | – | शिवप्रसाद गुप्त |
| द लीडर | – | मदन मोहन मालवीय |
| द नेशनल हेराल्ड | – | जवाहरलाल नेहरू |
| द पायनियर | – | जॉर्ज एलेन |

**34. कानपुर से प्रकाशित किस समाचार-पत्र के माध्यम से विजय सिंह पथिक ने बिजौलिया आंदोलन को समूचे भारत में चर्चा का विषय बना दिया?**

(a) केसरी (b) प्रताप

(c) मराठा (d) मंजूषा

**R.A.S./R.T.S. (Pre) 1996**

उत्तर–(b)

राजस्थान में पहला किसान आंदोलन मेवाड़ (उदयपुर) राज्य की बड़ी जागीर बिजौलिया में हुआ। वहां किसानों पर अनेक प्रकार की लगानें लगे हुए थे, इन लगानों के विरोध में आंदोलन हुआ। वर्ष 1913 में आंदोलन का नेतृत्व साधु सीताराम दास ने किया तथा वर्ष 1915 में इसका नेतृत्व विजय सिंह पथिक ने किया। विजय सिंह पथिक ने गणेश शंकर विद्यार्थी के 'प्रताप' के माध्यम से बिजौलिया के किसान आंदोलन को अखिल भारतीय स्तर पर प्रचारित किया।

**35. 'हरिजन' के प्रारंभकर्ता थे–**

(a) तिलक (b) गोखले

(c) गांधीजी (d) नौरोजी

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Pre) 2007**

उत्तर–(c)

गांधीजी ने साप्ताहिक समाचार-पत्रों के रूप में 'हरिजन' अंग्रेजी में, 'हरिजन बंधु' गुजराती में तथा 'हरिजन सेवक' हिंदी में प्रारंभ किए थे।

**36. गांधीजी द्वारा शुरू किया गया एक साप्ताहिक-पत्र 'हरिजन' का प्रथम अंक 11 फरवरी, 1933 को निम्न शहरों में से कहां से प्रकाशित किया गया?**

(a) बंबई (आज मुंबई) से (b) अहमदाबाद से

(c) पूना (आज पुणे) से (d) नासिक से

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

उत्तर–(c)

गांधीजी द्वारा शुरू किया गया एक साप्ताहिक-पत्र 'हरिजन' का प्रथम अंक 11 फरवरी, 1933 को पूना (वर्तमान पुणे, महाराष्ट्र) से प्रकाशित किया गया। इसके प्रकाशन के समय महात्मा गांधी यरवदा जेल (पुणे) में थे। इसके संपादक आर.वी. शास्त्री थे।

**37. मराठी पाक्षिक 'बहिष्कृत भारत' किसने आरंभ किया था?**

(a) बाल गंगाधर तिलक ने (b) बी.आर. अम्बेडकर ने

(c) वी.डी. सावरकर ने (d) गोपाल कृष्ण गोखले ने

**U.P. P.C.S. (Pre) 2004**

उत्तर–(b)

20 जुलाई, 1924 को भीमराव अम्बेडकर ने बंबई में एक संस्था 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' बनाई, जिसका उद्देश्य अस्पृश्य लोगों की नैतिक तथा भौतिक उन्नति करना था। सर चिमन लाल हरीलाल सीतलवाड़ इसके पहले अध्यक्ष बनाए गए। जबकि प्रबंध समिति के अध्यक्ष अम्बेडकर बने थे। सभा का संकल्प शिक्षित करना, उत्तेजित करना और संगठित करना स्वीकार किया गया। सभा का उद्देश्य सरकार के समक्ष अछूतों की समस्याओं को रखना था। उन्होंने 3 अप्रैल, 1927 को बंबई से मराठी पाक्षिक 'बहिष्कृत भारत' आरंभ किया था।



Scanned with OKEN Scanner

**38. 'बहिष्कृत भारत' पत्रिका से संबंधित थे–**

(a) आत्माराम पाडुरंग (b) ज्योतिबा फुले
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) बी.आर. अम्बेडकर

**U.P. P.C.S. (Pre) 1991**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**39. 'बहिष्कृत भारत' जर्नल किसने शुरू किया था?**

(a) ज्योतिबा फुले (b) करसनदास मुलजी
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) बाबा साहेब अम्बेडकर
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre), 2021**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जर्नल अबुल कलाम आजाद द्वारा प्रकाशित है?**

(a) अल-हिलाल (b) कॉमरेड
(c) दि इंडियन सोसियोलाजिस्ट (d) जमींदार

**I.A.S. (Pre) 2008**

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Pre) 2007**

**उत्तर–(a)**

अबुल कलाम आजाद ने वर्ष 1912 में उर्दू साप्ताहिक अल-हिलाल का प्रकाशन प्रारंभ किया था। वर्ष 1914 में अल-हिलाल पर प्रेस एक्ट के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया था।

**41. वर्ष 1920 में लाहौर से लाजपत राय द्वारा उर्दू का कौन-सा समाचार-पत्र प्रारंभ किया गया था?**

(a) वंदे मातरम् (b) पीपुल
(c) ट्रिब्यून (d) वीर अर्जुन

**U.P. Lower Sub. (Spl.) (Pre) 2008**

**उत्तर–(a)**

लाला लाजपत राय ने लाहौर से एक उर्दू दैनिक 'वंदे मातरम्' और एक अंग्रेजी साप्ताहिक 'दि पीपुल' निकाला। इसके पहले वह संयुक्त राज्य अमेरिका में 'यंग इंडिया' का प्रकाशन कर चुके थे।

**42. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची-I (समाचार-पत्र) | सूची-II (संपादक) |
|---|---|
| A. हिंदू | 1. दादाभाई नौरोजी |
| B. सुधारक | 2. जी. के. गोखले |
| C. वायस ऑफ इंडिया | 3. जी. सुब्रह्मण्यम अय्यर |
| D. बंगाली | 4. एस. एन. बनर्जी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2002, 2003**

**उत्तर–(d)**

'हिंदू' समाचार-पत्र के संपादक जी. सुब्रह्मण्यम अय्यर थे तथा उदारवादी नेता गोपाल कृष्ण गोखले समाचार-पत्र 'सुधारक' के संपादक थे। 'वायस ऑफ इंडिया' के संपादक दादाभाई नौरोजी तथा 'बंगाली' के संपादक एस.एन. बनर्जी थे। 'बंगाली' का दृष्टिकोण उदार था तथा यह राजनीतिक विचारधारा का प्रभावशाली प्रदर्शन भी करता था।

**43. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची - I (समाचार-पत्र) | सूची -II (संपादक) |
|---|---|
| A. काल | 1. सुरेंद्रनाथ बनर्जी |
| B. बंगाली | 2. गोपाल कृष्ण गोखले |
| C. सुधारक | 3. द्वारकानाथ विद्याभूषण |
| D. सोमप्रकाश | 4. शिवराम महादेव परांजपे |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**U.P. P.C.S. (Mains) 2017**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नगत समाचार-पत्रों एवं उनके संपादकों का सुमेलन इस प्रकार है–

| (समाचार-पत्र) | (संपादक) |
|---|---|
| काल | शिवराम महादेव परांजपे |
| बंगाली | सुरेंद्रनाथ बनर्जी |
| सुधारक | गोपाल कृष्ण गोखले |
| सोमप्रकाश | द्वारकानाथ विद्याभूषण |

**44. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| सूची-I (समाचार-पत्र) | सूची- II (प्रारंभ करने वाला व्यक्ति) |
|---|---|
| A. बॉम्बे क्रॉनिकल | 1. एनी बेसेंट |
| B. कॉमनवील | 2. मदन मोहन मालवीय |
| C. लीडर | 3. फिरोजशाह मेहता |
| D. सर्चलाइट | 4. सच्चिदानंद सिन्हा |



Scanned with OKEN Scanner

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**U.P. P.C.S. (Pre) 2002**

**U.P. P.C.S. (Spl.) (Mains) 2004**

**उत्तर—(c)**

'न्यू इंडिया' और 'कॉमनवील' एनी बेसेंट द्वारा प्रकाशित समाचार-पत्र थे। 'बॉम्बे क्रॉनिकल' फिरोजशाह मेहता द्वारा, 'सर्चलाइट' सच्चिदानंद सिन्हा द्वारा तथा 'लीडर' मदन मोहन मालवीय द्वारा प्रकाशित समाचार-पत्र था।

**45. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I (समाचार-पत्र) | सूची-II (आरंभ करने वाला/प्रकाशक) |
|---|---|
| A. लीडर | 1. मदन मोहन मालवीय |
| B. बॉम्बे क्रॉनिकल | 2. फिरोजशाह मेहता |
| C. इंडिपेंडेंट | 3. टी.एम. नायर |
| D. जस्टिस | 4. मोतीलाल नेहरू |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**U.P.P.C.S. (Mains) 2014**

**उत्तर—(a)**

सूची-I में दिए गए समाचार-पत्र एवं सूची-II में दिए गए प्रकाशक का सुमेलन इस प्रकार है—

| समाचार-पत्र | | आरंभ करने वाला/प्रकाशक |
|---|---|---|
| लीडर | – | मदन मोहन मालवीय |
| बॉम्बे क्रॉनिकल | – | फिरोजशाह मेहता |
| इंडिपेंडेंट | – | मोतीलाल नेहरू |
| जस्टिस | – | टी.एम. नायर |

**46. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. अबुल कलाम आजाद | 1. बॉम्बे क्रॉनिकल |
| B. फिरोजशाह मेहता | 2. अल-हिलाल |
| C. एनी बेसेंट | 3. यंग इंडिया |
| D. महात्मा गांधी | 4. न्यू इंडिया |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**

सही सुमेलन इस प्रकार है-

| | | |
|---|---|---|
| अबुल कलाम आजाद | - | अल-हिलाल |
| फिरोजशाह मेहता | - | बॉम्बे क्रॉनिकल |
| एनी बेसेंट | - | न्यू इंडिया |
| महात्मा गांधी | - | यंग इंडिया |

**47. निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

| (समाचार-पत्र) | (संस्थापक) |
|---|---|
| (a) अल-हिलाल | मौलाना अबुल कलाम आजाद |
| (b) न्यू इंडिया | एनी बेसेंट |
| (c) तहजीब-उल-आख्लाक | मोहम्मद अली जिन्ना |
| (d) संवाद कौमुदी | राजा राममोहन राय |

**U.P. B.E.O. (Pre) 2019**

**उत्तर-(c)**

तहजीब-उल-आख्लाक, सर सैय्यद अहमद खान द्वारा उर्दू भाषा में 1870 से 1897 ई. के बीच प्रकाशित की गई पत्रिका थी। प्रश्नगत विकल्प (a), (b) तथा (d) सत्य हैं, जबकि विकल्प (c) असत्य है।

**48. नीचे स्वाधीनता संग्रामियों तथा उनके द्वारा प्रारंभ समाचार-पत्रों के नाम दिए जा रहे हैं। इनमें से कौन-सा जोड़ा गलत है?**

(a) मौलाना आजाद - अल-हिलाल
(b) लोकमान्य तिलक - केसरी
(c) जवाहरलाल नेहरू - नेशनल हेराल्ड
(d) महात्मा गांधी - द पायनियर

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Pre) 2007**

**उत्तर—(d)**

'द पायनियर' समाचार-पत्र का प्रारंभ 1865 ई. में इलाहाबाद से जॉर्ज एलेन ने किया था। महात्मा गांधी द्वारा प्रारंभ किए गए समाचार-पत्र थे- इंडियन ओपीनियन, हरिजन, यंग इंडिया तथा नवजीवन। अन्य विकल्पों के युग्म सुमेलित हैं।

**49. निम्नलिखित में से किस समाचार-पत्र/पत्रिका से महात्मा गांधी संबंधित नहीं थे?**

(a) इंडियन ओपीनियन (b) यंग इंडिया



Scanned with OKEN Scanner

(c) नवजीवन (d) युगांतर

U.P. P.C.S. (Mains) 2017

उत्तर—(d)

युगांतर समाचार-पत्र का संपादन भूपेन्द्र नाथ दत्त तथा बारींद्र कुमार घोष ने शुरू किया था।

**50. निम्नलिखित में से किसने 'कौमी आवाज' पत्र का आरंभ किया था?**

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) शौकत अली (d) खलिक्कुज़्ज़मान

U.P.P.C.S. (Mains) 2013

उत्तर—(b)

'कौमी आवाज' नामक उर्दू अखबार का प्रकाशन वर्ष 1945 में जवाहरलाल नेहरू तथा रफी अहमद किदवई द्वारा लखनऊ से प्रारंभ किया गया था। इसके संपादक हयातुल्लाह अंसारी थे।

**51. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?**

(a) नवजीवन-एम.के. गांधी

(b) स्वराज्य-टी. प्रकाशम

(c) प्रभात-एन.सी. केलकर

(d) कौमी आवाज-अबुल कलाम आज़ाद

U.P.R.O./A.R.O. (Mains) 2013

उत्तर—(d)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**52. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित है?**

(a) महात्मा गांधी - मूक नायक

(b) बाल गंगाधर तिलक - यंग इंडिया

(c) एनी बेसेंट - कॉमनवील

(d) बी.आर. अम्बेडकर - केसरी

U.P. P.C.S. (Pre) 2001

U.P. P.C.S. (Spl.) (Mains) 2004

उत्तर—(c)

विकल्पों में दिए पत्र निम्नलिखित व्यक्तियों से संबंधित हैं—

| | | |
|---|---|---|
| कॉमनवील | — | एनी बेसेंट |
| यंग इंडिया | — | गांधीजी |
| केसरी | — | बाल गंगाधर तिलक |
| मूक नायक | — | भीमराव अम्बेडकर |

**53. सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए -**

| सूची - I | सूची -II |
|---|---|
| A. समाचार दर्पण | 1. राजा राममोहन राय |
| B. मिरात-उल अखबार | 2. बी.जी. तिलक |
| C. केसरी | 3. महात्मा गांधी |
| D. यंग इंडिया | 4. जे.सी. मार्शमैन |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

U.P. R.O./A.R. O. (Pre) 2017

उत्तर—(d)

सूची - I का सूची - II से सही सुमेलन है-

| सूची - I | | सूची - II |
|---|---|---|
| समाचार दर्पण | – | जे.सी. मार्शमैन |
| मिरात-उल- अखबार | – | राजा राममोहन राय |
| केसरी | – | बी.जी. तिलक |
| यंग इंडिया | – | महात्मा गांधी |

**54. निम्नलिखित में से कौन एक सही सुमेलित नहीं है?**

(a) बी.आर. अम्बेडकर – इंडिपेंडेंट

(b) बाल गंगाधर तिलक – केसरी

(c) एनी बेसेंट – न्यू इंडिया

(d) दादाभाई नौरोजी – रास्त गोफ्तार

U.P. P.C.S. (Mains) 2008

उत्तर—(a)

'रास्त गोफ्तार' नामक पत्र दादाभाई नौरोजी से संबंधित है। 'केसरी' बाल गंगाधर तिलक से तथा 'न्यू इंडिया' एनी बेसेंट से संबंधित हैं, किंतु 'इंडिपेंडेंट' बी.आर. अम्बेडकर से संबंधित नहीं है। भारत के लिए स्वशासन की मांग करते हुए मोतीलाल नेहरू ने 'इंडिपेंडेंट' नामक समाचार-पत्र निकाला था।

**55. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।**

| सूची-I (समाचार-पत्र/पत्रिका) | सूची-II (प्रकाशन का स्थान) |
|---|---|
| A. स्वदेश | 1. आगरा |
| B. भारत बंधु | 2. अल्मोड़ा |
| C. सत्यवादी | 3. हाथरस |
| D. शक्ति | 4. गोरखपुर |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

U.P P.C.S. (Pre), 2022

उत्तर-(a)



Scanned with OKEN Scanner

सही सुमेलन निम्नवत है–

| सूची-I समाचार-पत्र/पत्रिका | | सूची-II प्रकाशन का स्थान |
|---|---|---|
| स्वदेश | – | गोरखपुर |
| भारत बंधु | – | हाथरस |
| सत्यवादी | – | आगरा |
| शक्ति | – | अल्मोड़ा |

अतः विकल्प (a) अभीष्ट उत्तर होगा।

**56. नीचे दिए गए विकल्पों में से राष्ट्रवादी समाचार-पत्रों द हिंदू, केसरी, बंगाली, हिंदुस्तानी, सुधारक के संपादकों के नामों का सही संयोजन ज्ञात कीजिए -**

(a) सुरेंद्रनाथ बनर्जी, जी. सुब्रमण्यम अय्यर, बाल गंगाधर तिलक, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले

(b) बाल गंगाधर तिलक, जी. सुब्रमण्यम अय्यर, सुरेंद्रनाथ बनर्जी, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले

(c) जी. सुब्रमण्यम अय्यर, बाल गंगाधर तिलक, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले, सुरेंद्रनाथ बनर्जी

(d) जी. सुब्रमण्यम अय्यर, बाल गंगाधर तिलक, सुरेंद्रनाथ बनर्जी, गंगा प्रसाद वर्मा, गोपाल कृष्ण गोखले

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64th B.P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर—(d)**

| समाचार-पत्र | | संपादक |
|---|---|---|
| द हिंदू | - | जी. सुब्रमण्यम अय्यर |
| केसरी | - | बाल गंगाधर तिलक |
| बंगाली | - | सुरेंद्रनाथ बनर्जी |
| हिंदुस्तानी | - | गंगा प्रसाद वर्मा |
| सुधारक | - | गोपाल कृष्ण गोखले |

इस प्रकार विकल्प (d) सही उत्तर है।

**57. निम्न में से कौन सुमेलित क्रम में है?**

(a) एनी बेसेंट – यंग इंडिया

(b) महात्मा गांधी – न्यू इंडिया

(c) बी.जी. तिलक – केसरी

(d) सुरेंद्रनाथ बनर्जी – मराठा

**U.P. P.C.S. (Pre) 1992**

**उत्तर—(c)**

| | | |
|---|---|---|
| एनी बेसेंट | – | न्यू इंडिया |
| महात्मा गांधी | – | यंग इंडिया |
| बाल गंगाधर तिलक | – | मराठा तथा केसरी |

इस प्रकार विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**58. निम्नलिखित में से एनी बेसेंट द्वारा निकाले जाने वाले दो अखबार कौन से थे?**

**1. कॉमनवील** **2. न्यू इंडिया**

**3. न्यू हिंदू** **4. दी आर्यन्स**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

(a) 1 एवं 2 (b) 1 एवं 3

(c) 2 एवं 4 (d) 3 एवं 4

**U.P. P.C.S. (Pre) 2004**

**U.P. P.C.S. (Mains) 2002**

**उत्तर—(a)**

'कॉमनवील' एवं 'न्यू इंडिया' एनी बेसेंट द्वारा निकाले गए अखबार थे।

**59. 'कॉमनवील' पत्र किससे जुड़ा है?**

(a) बी.जी. तिलक से (b) एनी बेसेंट से

(c) जी. के. गोखले से (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2013**

**उत्तर—(b)**

'कॉमनवील' मद्रास से प्रकाशित अंग्रेजी पत्र था, जिसकी संपादिका एनी बेसेंट थीं।

**60. सही जोड़े बनाइए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

**(A) बिपिन चंद्र पाल** **(1) न्यू इंडिया**

**(B) अरबिंद घोष** **(2) कॉमरेड**

**(C) ब्रह्मबांधव उपाध्याय** **(3) वंदे मातरम्**

**(D) मुहम्मद अली** **(4) संध्या**

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (1) | (3) | (4) | (2) |
| (b) | (2) | (1) | (3) | (4) |
| (c) | (2) | (1) | (4) | (3) |
| (d) | (1) | (3) | (2) | (4) |

**M.P.P.C.S. (Pre) 2008**

**उत्तर—(a)**

सही सुमेलन इस प्रकार है -

| | | |
|---|---|---|
| बिपिन चंद्र पाल | – | न्यू इंडिया |
| अरबिंद घोष | – | वंदे मातरम् |
| ब्रह्मबांधव उपाध्याय | – | संध्या |
| मुहम्मद अली | – | कॉमरेड |

**61. निम्नलिखित में से कौन क्रांतिकारी पत्र 'वंदे मातरम्' का संपादक था?**

(a) श्यामजी कृष्ण वर्मा (b) भीकाजी कामा



Scanned with OKEN Scanner

(c) वी.डी. सावरकर (d) जी.डी.सावरकर

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर–(*)**

'वंदे मातरम्' समाचार-पत्र का प्रथम प्रकाशन 6 अगस्त, 1906 को कलकत्ता से हुआ। 6 अगस्त से 15 अक्टूबर, 1906 तक बिपिन चंद्र पाल इसके संपादक थे। 24 अक्टूबर, 1906 से 27 मई, 1907 तक अरविंद घोष इसके संपादक थे, तब यह पत्र दैनिक प्रकाशित होता था, लेकिन 2 जून, 1907 से इसका साप्ताहिक प्रकाशन भी शुरू हुआ। 28 मई से 22 दिसंबर, 1907 तक अरविंद घोष के संपादकत्व में इसका दैनिक एवं साप्ताहिक दोनों पत्रों का प्रकाशन होता रहा। लेकिन बाद में इस समाचार-पत्र का प्रकाशन बंद हो गया। पुनः 10 सितंबर, 1909 को पेरिस से 'वंदे मातरम्' नाम से प्रथम पत्र प्रकाशित हुआ, जिसके संपादक लाला हरदयाल थे। इस पत्र के प्रकाशक और वितरण का कार्य मैडम भीकाजी कामा ने किया।

**62. निम्न में से कौन-सा एक 'राष्ट्रवादी' समाचार-पत्र नहीं था?**

(a) द हिंदू (b) बंगाली

(c) दि महरत्ता (d) द टाइम्स ऑफ इंडिया

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**B.P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर–(d)**

द टाइम्स ऑफ इंडिया ब्रिटिश सरकार का समर्थक था न कि राष्ट्रवादी। द हिंदू, बंगाली और मराठा (महरत्ता) प्रमुख राष्ट्रवादी समाचार-पत्र थे।

**63. 'दशरोजा' पत्रिका राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान किसने प्रारंभ की थी?**

(a) मुहम्मद अली जिन्ना

(b) अब्दुल गफ्फार खां

(c) लाला लाजपत राय

(d) बाल गंगाधर तिलक

**Chhattisgarh P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर–(b)**

अब्दुल गफ्फार खां ने 'दशरोजा' पत्रिका निकाली थी।

**64. सुमेलित करो सूची-'A' से सूची 'B' को–**

| सूची-'A' (एडिटर्स) | सूची-'B' (समाचार-पत्र/पत्रिकाएं) |
|---|---|
| (A) एस.ए. डांगे | (i) नवयुग |
| (B) मुजफ़्फ़र अहमद | (ii) इंकलाब |
| (C) गुलाम हुसैन | (iii) लेबर-किसान गजट |
| (D) एम. सिंगार वेलु | (iv) द सोशलिस्ट |

Scanned with OKEN Scanner

कूट :

(a) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)

(b) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)

(c) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)

(d) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(i)

**R.A. S./R.T.S. (Pre) 2013**

**उत्तर—(b)**

सही सुमेलन इस प्रकार है—

| | | |
|---|---|---|
| एस.ए. डांगे | – | द सोशलिस्ट |
| मुजफ्फ़र अहमद | – | नवयुग |
| गुलाम हुसैन | – | इंकलाब |
| एम. सिगांर वेलु | – | लेबर-किसान गज़ट |

Scanned with OKEN Scanner